# लोन चुका दिया फिर भी मांग रहे राशि, निजी भूमि पर कब्जा

**▸ सीईओ जिला पंचायत ने की जनसुनवाई, बुजर्गों को भी मिल रही मदद**

**उज्जैन।** हितग्राही ने जो बैंक लोन लिया था वह चुका दिया। उसके बावजूद भी वापस बकाया राशि निकाल दी गई जिससे मानसिक रूप से व्यक्ति प्रताड़ित होने लगा। वहीं दूसरी ओर एक और व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लिया गया ऐसे कई मामले मंगलवार को जनसुनवाई में आए इनका निराकरण किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

चिमनगंज मंडी निवासी देवी प्रसाद ने आवेदन दिया कि वे काफी वृद्ध हो चुके हैं और शारीरिक रूप से भी अक्षम हैं। अत: उन्हें शासन की ओर से पेंशन दिलवाई जाए। इस पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण को प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

घट्टिया के ग्राम कालूखेड़ी निवासी रमेश पिता उमराव ने आवेदन दिया कि उनकी निजी भूमि पर गांव में रहने वाले कुछ अन्य लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। तहसीलदार ने कब्जा दिलवाए जाने के बाद पुन: भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस पर एसडीओ राजस्व घट्टिया को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।




घट्टिया के ग्राम झितरखेड़ी निवासी राधेश्याम ने आवेदन दिया कि स्थानीय सहकारी बैंक में उनका खाता है। उनके द्वारा आवश्यकता पड़ने पर कुछ ऋण लिया गया था, जिसे समय पर चुका भी दिया गया था, परंतु बैंक द्वारा अभी भी उनके ऊपर बकाया राशि निकाली जा रही है। इस पर सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एडीएम अत्येन्द्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा और अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

**पट्टे की जमीन पर भी कब्जा कर लिया...**

झारड़ा के ग्राम सेकली निवासी चंदन लाल पिता ओमकार ने आवेदन दिया कि पड़ोसी कृषक द्वारा उनकी शासकीय पट्टे पर प्रदाय की गई 0.50 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर लिया गया है तथा विरोध पर मारपीट की जा रही है। इस पर तहसीलदार झारड़ा को शीघ्र प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बड़नगर के ग्राम बंगरेड़ निवासी नेहरू बोड़ाना ने आवेदन दिया कि कुछ लोगों द्वारा उनके घर के कुछ मवेशियों को चुरा लिया है। जिसके कारण आर्थिक नुकसान हुआ है। एसडीओपी पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# चारभुजानाथ मंदिर में वासुदेव लीला की धूम

**▸ पुरुषोत्तम मास में सजी झांकी, मनोरथी परिवारों ने की आरती और बंटा भोग**

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के चलते गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रभु की झांकी के दर्शन का लाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर में वासुदेव लीला उत्सव मनाया गया। मनोरथी सत्यनारायण अर्पण सोमानी और राधेश्याम नितिन भूतड़ा की ओर से पंडित वृजभूषण दीक्षित द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मनोरथी परिवार ने आरती की। अरुण भूतड़ा के जन्मदिन पर भगवान को केसरयुक्त दूध का भोग लगाया। वहीं इन्दरमल खटोड़ द्वारा खोपरा-बूरा का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई।



**इन्होंने लिया आरती में भाग**

इस अवसर पर निर्मला सोमानी, रमेशचन्द्र सोमानी, कविता सोमानी, अर्पण सोमानी, कृष्णा भूतड़ा, पायल भूतड़ा, निस्थी भूतड़ा, पुष्पा मूंदड़ा, निर्मला कलंत्री, पलक तोतला, सुभाष भूतड़ा, राजश्री भूतड़ा और रेखा बाहेती ने भी आरती की। साथ ही लक्ष्मी नारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, दिनेश चन्द्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, भूपेन्द्र भूतड़ा, वीरेन्द्र गट्टानी और कैलाश चंद्र गगरानी ने भी आरती में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## एक नजर में




### शिविरों में हाई रिस्क ग्रामों में स्वास्थ्य जांच

**उज्जैन।** डॉ. अशोक कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के 100 दिवसीय निक्षय शिविर के अंतर्गत उज्जैन जिले में 24 मार्च 2026 से आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। शासन द्वारा उज्जैन जिले में 277 हाई-रिस्क ग्रामों की सूची प्रदान की गई है, जिनमें आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाना है। अब तक जिले के कुल 203 हाई-रिस्क ग्रामों में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में 8 जून 2026 को विकासखंड नरवर के ग्राम नयाखेड़ी एवं जमालपुरा में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग 200 लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया तथा 86 लोगों के चेस्ट एक्स-रे हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से किए गए। शिविर में टीबी, एचआईवी, ब्लड शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन आदि की जांच भी की गई। साथ ही माननीय कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार सभी टीबी मरीजों को प्रोटीनयुक्त भोजन बास्केट का वितरण किया जा रहा है।



### दो दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर कार्यालय के परिसर में दो दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विगत 8 जून को 88 व मंगलवर को 51 अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच कर उपचार व परामर्श प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, एनीमिया तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गई। स्वास्थ्य जांच से मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो सकेगा। शिविर मे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा जांच व उपचार प्रदान किया गया। शिविर के लिए आवश्यक उपकरण जैसे बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, वजन मशीन एवं माप टेप आदि के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला रेडक्रास शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र झालानी, सचिव अनुराग जैन, नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, जिला शहरी विकास अभिकरण के अरुण शर्मा उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परिक्षण के प्रति जागरुकता का परिचय देते हुए शिविर का पूर्ण लाभ लिया।

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**उज्जैन।** बीती रात अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना बाइक सवारी युवक की मौत हो गई। उसके पास मिले आधार कार्ड से पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि पंड्याखेड़ी चौराहा से उद्योगपुरी में जाने वाले मार्ग पर रात 11.30-12 बजे के लगभग अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में दुर्घटना स्थल से एंबुलेंस निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहां युवक की मौत होना सामने आया था। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो अस्पताल पहुंची और मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई जिसमें उसका आधार कार्ड मिलना सामने आया। जिससे उसकी पहचान गजेंद्र पिता सोहन सिंह राजपूत 38 साल निवासी पंड्याखेड़ी के रूप में हुई। परिजन सूचना मिलते ही रात में अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने निजी अस्पताल से शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि गजेंद्र मजदूरी करता था और रात में घर लौट रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की।




### झूलेलाल मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ

**उज्जैन।** सिंधु सेना उज्जैन द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा और कथावाचक मुकुंदाचार्य महाराज की शोभायात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा सिंधी धर्मशाला से प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहनकर सिर पर कलश लिए आगे चल रही थीं, जबकि पुरुष श्वेत कुर्ता-पजामा पहने शामिल हुए। कथा स्थल पहुंचने पर महाराज ने व्यास पीठ पर भगवत गीता स्थापित कर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत श्रीगणेश किया। कथा के विश्राम पर आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। यात्रा और कथा में मुख्य रूप से संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, राजेश कृष्णानी, वासु सोनी शामिल रहे। वहीं मातृशक्ति में माया मुलानी, काम्या लालवानी, शोभा शर्मा और दीपा खत्री सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# गले में रस्सी का फंदा डाल दो लोगों ने लगाई फांसी

**▸ एक रेलवे में गनमैन रहा तो दूसरा बेचता था कुल्फी**

**उज्जैन।** पिछले कुछ घंटों में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक कुल्फी बेचने का काम करता था दूसरा रेलवे में गैंगमेन था। दो थानों की पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराए गए हैं। एक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है।



उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया डाबी में मंगलवार सुबह घर में मुकेश पिता रूपनाथ बागरी 55 वर्ष की लाश फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान सामने आया कि मृतक मुकेश कुल्फी बेचने का काम करता था। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा इस दौरान उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा था कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं किसी को परेशान ना किया जाए। परिजनों ने घटना के संबंध में बताया कि रात तक सब कुछ ठीक था। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि संभवत: आर्थिक परेशानी के चलते मुकेश ने आत्महत्या की है। दूसरा मामला सोमवार शाम को नागझिरी थाना क्षेत्र के विक्रम नगर रेलवे स्टेशन परिसर में बनी रेलवे कॉलोनी से सामने आया। रेलवे में गैंगमेन का काम करने वाले कमल सिंह पिता रतनलाल भाटी ने घर में ही फांसी लगा ली थी। घटना से पहले सांवेर गए पुत्र शुभम को जल्दी आने के लिए मोबाइल पर कॉल किया था। पुत्र ने अपने छोटे भाई को पिता के फोन आने की जानकारी दी और कमरे में जाकर देखने को कहा क्योंकि पिता बीमार चल रहे थे। छोटा पुत्र राजवीर कुछ देर बाद कमरे में पहुंचा तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि कमल सिंह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहा था उसका ऑपरेशन भी हुआ था और वह नौकरी पर नहीं जा पा रहा था। पुत्र शुभम ने आरोप लगाया कि पिता पर कम पर लौट के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पिता ने भारी काम करने से मना कर दिया था लेकिन उनसे ट्रैक पर ही काम करने के लिए कहा जा रहा था। संभवत: इसी के चलते पिता ने आत्महत्या की है। फिलहाल दोनों मामलों में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## नदी में मिली युवक की लाश

**उज्जैन।** मंगलवार सुबह शिप्रा नदी से एक युवक की लाश बरामद की गई। युवक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस उसके परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शिप्रा नदी स्थित रामघाट पर मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने एक युवक की लाश देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचे तैराक दल के सदस्यों की मदद लाश को बाहर निकाल। मृतक सिर्फ अंडरवियर में था आशंका जताई गई कि नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने आसपास घाट पर कपड़ों की तलाश की लेकिन कुछ नहीं मिला जिसके चलते मृतक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार मृतक 25 से 30 साल का है। जिसका शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। उसके परिजनों की जानकारी जुटाना का प्रयास किया जा रहा है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक अन्य जिले से आया हुआ था। पुलिस द्वारा सभी जिले के पुलिस को मृतक का फोटो भेजा गया है, वही गुमशुदा लोगों की जानकारी भी मांगी गई है। 24 घंटे बाद मृतक की पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव दफनाया जाएगा।

# कुवाल ने किया फायर ब्रिगेड का निरीक्षण

**▸ प्रभारी ने फायर एनओसी के कितने प्रकरण लंबित हैं ऐसे प्रकरणों की जानकारी भी ली**

**उज्जैन।** यांत्रिकी विभाग के प्रभारी जितेंद्र कुवाल ने मंगलवार को फायर ब्रिगेड पहुंच कर फायर विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली गई। जिसमें फायर वाहनों के मेंटेनेंस की जानकारी, कितने कर्मचारी कार्यरत है, शिफ्ट अनुसार उनके कार्य करने के समय और कर्मचारियों की संख्या साथ ही शव वाहनों पर कार्यरत कर्मचारियों एवं वाहनों की संख्या की जानकारी ली गई। इसी के साथ वर्तमान में फायर एनओसी के कितने प्रकरण लंबित हैं ऐसे प्रकरणों की जानकारी भी ली गई और निर्देशित किया कि फायर एनओसी के प्रकरणों को तत्काल निराकरण किया जाए, साथ ही सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए नए वाहनों एवं कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाने एवं फायर विभाग को आधुनिक बनाए जाने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।




# महापौर ने किया सप्तसागरों का निरीक्षण

**▸ श्रद्धालुओं से चर्चा कर गंदगी नहीं करने की अपील की**

**उज्जैन।** सप्तसागरों के अंतर्गत आने वाले पुष्कर सागर और पुरुषोत्तम सागर का महापौर मुकेश टटवाल ने मंगलवार को निरीक्षण किया। सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निगम द्वारा विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। जिसमें छायादार टेंट, शामियाने, पानी के टैंकर लगाए गए हैं।

इससे यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें, श्रद्धालु निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं से भी संतुष्ट नजर आए। क्योंकि गर्मी एवं धूप में छायादार जगह उपलब्ध हो पाई जहां पूजन किया जा रहा हैं। साथ ही अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों के साथ-साथ अन्य



धार्मिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। महापौर ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। इसी के साथ श्रद्धालुओं से भी निवेदन किया कि उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों पर गंदगी नहीं करें और निर्धारित स्थल पर ही पूजन सामग्री विसर्जित करें साथ ही सफाई कर्मचारी भी सागरों पर तैनात रहें और लगातार सफाई का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहे।

# पुलिस को गश्त में 2 युवकों के पास मिली 1 किलो एमडी ड्रग्स

**▸ कार से नागपुर जा रहे थे रिमांड पर पूछताछ जारी**

**उज्जैन। रात्रि गश्त के दौरान मादक पदार्थ तस्करी में शामिल कार सवार दो युवकों को पकड़ा गया। जिनके पास से 1 किलो 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मादक पदार्थ से जुड़े कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।**

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि चिमनगंज थाना पुलिस रात्रि गश्त पर थी। गरोठ रोड ब्रिज के नीचे टाइम हेडक्वार्टर के पीछे सर्विस रोड क्षेत्र में एक संदिग्ध वाहन क्रमांक एम एच 31एफ आर 2515 स्विफ्ट डिजायर






कार खड़ी दिखाई दी। वाहन के पास पहुंचकर पुलिस टीम ने देखा तो उसमें दो युवक सवार थे। जिनसे पूछताछ करने पर उनके नाम पंकज पिता श्यामराव चरडे 34 वर्ष निवासी प्रभा सिटी, पवनगांव, थाना पार्डी जिला नागपुर (महाराष्ट्र) और अमित तिवारी पिता महेन्द्र तिवारी 20 वर्ष निवासी बिहार सामने आये। रात के अंधेरे में बाहरी युवकों के मिलने पर उनकी कार की तलाशी ली गई। जिसमें एक बॉक्स रखा मिला। पूछताछ करने पर बॉक्स में रखे सामान की जानकारी देने में दोनों बरगलाने। पुलिस द्वारा बॉक्स खोला गया तो उसमें एक थैली के अंदर रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। जो कि 1 किलो 15 ग्राम था। दोनों लोगों को थाने लाया गया और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया

**मादक पदार्थ की कीमत करीब 15 लाख रुपए**

मादक पदार्थ की कीमत 15 लाख और कार की 5.50 लाख रुपए होना सामने जिसे जब्त कर दोनों आरोपियों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मादक पदार्थ मंदसौर से लाया गया था और नागपुर ले जाया जा रहा था। दोनों युवक अपने एक साथी का इंतजार करने के लिए गरोठ ब्रिज के नीचे रुके थे। उनसे साथी के संबंध में भी जानकारी जुटा जा रही है।

# तुलसी पूजन के साथ प्रेमचंद सृजन पीठ के कक्ष का उद्घाटन

**▸ अकादमी में आवंटित नए कक्ष में निदेशक मुकेश जोशी ने संभाला प्रभार**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा प्रेमचंद सृजन पीठ को कालिदास संस्कृत अकादमी में साहित्यिक गतिविधियों के संचालन के लिए नया कक्ष आवंटित किया गया है। आचार्य कुल में स्थित इस कक्ष का प्रभार अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ. राजेशसिंह कुशवाह की अध्यक्षता में सौंपा। कक्ष का शुभारंभ फीता काटने की प्रचलित प्रथा के बजाय तुलसी पूजन, दीप प्रज्वलन और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। अतिथियों ने प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी का स्वागत कर उत्कृष्ट कार्यकाल की शुभकामनाओं के साथ उन्हें पदभार सौंपा। इस दौरान डॉ. हरीशकुमार सिंह लिखित अपनी पुस्तक डॉ. राजेश कुशवाह को भेंट की।

**कालिदास अकादमी में यह रहे उपस्थित**

आयोजन में डॉ. राकेश ढांड, डॉ. रमण सोलंकी, प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक, डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. शेखर मैदमवार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. प्रतिमा जोशी, डॉ. संदीप नाडकर्णी, डॉ. संदीप नागर, सुगनचंद जैन, संतोष सुपेकर, शशांक दुबे, डॉ. माया बदेका, डॉ. सर्वेश्वर शर्मा, डॉ. प्रीति पांडे, अशोक भाटी, सुरेन्द्र सर्किट, अनामिका सोनी, संगीता तल्लेरा, पंडित दिनेश रावल और दीपक सोनी सहित कई साहित्यकार व प्रबुद्धजन उपस्थित थे। संचालन कवि दिनेश दिग्गज ने किया। अंत में निदेशक मुकेश जोशी ने डॉ. श्रीराम तिवारी सहित संस्कृति परिषद और अकादमी परिवार का आभार माना।

# निगम कर्मचारी संघों ने सीएम को दिया धन्यवाद

**उज्जैन।** हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के पश्चात म.प्र. शासन के वित्त विभाग द्वारा दिनांक 8 जून को आदेश जारी कर संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के पारिश्रमिक में वार्षिक वृद्धि की दर 4.46 प्रतिशत से बढ़ाई गई है। जिससे नगर निगम के संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नगर निगम में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कहा कि संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन में वार्षिक वृद्धि करने से बढ़ती महंगाई के समय में कर्मचारियों को राहत मिलेगी एवं कर्मचारियों को परिवार के भरण-पोषण में मदद मिलेगी। संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों की वेतन वृद्धि बढ़ाने पर तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट के साथ ही डॉ. पवन व्यास, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, रमेशचंद्र निगम, चंदगीराम टांकले, संदीप कलोसिया, गय्यूर अहमद, अब्दुल हमीद एसआई, रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, शैलेष नागर, धीरज कलोसिया, अजय संगत आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संविदा कर्मचारियों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रेलवे स्टेशन पर महिला का मंगलसूत्र चोरी

**▸ जीआरपी ने मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है**

**उज्जैन।** देवास के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 2 से ट्रेन में सवार होने के लिये चढ़ रही महिला का भीड़ के बीच अज्ञात बदमाश ने मंगलसूत्र चोरी कर लिया। मामले में जीआरपी द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पांच दिन में दूसरी वारदात सामने आई है।

जानकारी अनुसार नागदा निवासी अश्विनी पति अशुंल शर्मा 35 साल उज्जैन आई थी। रविवार को उज्जैन से देवास जाने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 2 पर पहुंची थी। नागदा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन के आने पर चढ़ने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान भीड़ में अज्ञात बदमाश ने गले से सोने का मंगलसूत्र उड़ा दिया। ट्रेन में चढ़ने के बाद अश्विनी को मंगलसूत्र गायब होने का पता चला, लेकिन ट्रेन चल दी थी देवास से वापस लौटने के बाद मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई है। प्लेटफार्म नम्बर 2 पर हुई वारदात से पहले 3 जून को प्लेटफार्म नम्बर 8 पर उज्जैन की रहने वाली सरिका पति संजय सोनी के साथ वारदात होना सामने आया था। सरिका दाहोद जाने के लिये प्लेटफार्म पर खड़ी थी उसी दौरान इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। वह कोच नम्बर 5 के खड़ी थी इसी बीच यात्रियों की भीड़ में अज्ञात बदमाशों ने उसके गले से 72 हजार कीमत की चेन गले से गायब कर दी थी। उसमें भी जीआरपी ने प्रकरण दर्ज किया था, लेकिन अब तक बदमाश का पता नहीं लग पाया।

**महाकाल मंदिर ▸ शीघ्र दर्शन वालों के लिए विश्रामधाम के उपयोग करने को कहा**

# प्रशासक हर दिन कर रहे मंदिर का निरीक्षण, ले रहे फीडबैक

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की इन दिनों अधिक भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में आम श्रद्धालुओं से लेकर शीघ्र दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण करने निकले।

प्रशासक कौशिक ने महाकाल मंदिर में सभी तरह की दर्शन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान गणेश मंडप से श्रद्धालुओं की कतार व्यवस्था को अधिक सुलभ, सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही 250 रुपए की शीघ्र दर्शन की टिकट लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को और अधिक सरल एवं व्यवस्थित बनाने हेतु विश्राम धाम का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को कम समय में सहज एवं सुगम दर्शन लाभ प्राप्त हो सके।



**मंदिर के हर गेट पर पहुंचे**

निरीक्षण के दौरान प्रशासक कौशिक ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से चर्चा कर व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया तथा आवश्यक सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के क्रम में नंदी हॉल, गणेश मंडप, अभिषेक स्थल, पालकी हॉल, एंबुलेंस एग्जिट गेट, बड़ा गणेश का निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया।